हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 35 देहरादून, मंगलवार, 25 जुलाई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री धामी के सचिव विनय शंकर पांडेय का धुंआधार दौरा, तत्काल एक्शन, तुरंत कार्यवाही 8

# सड़क कनेक्टीवीटी पर मुख्यमंत्री धामी और महाराज ने की केंद्रीय मंत्री गडकरी संग बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून / दिल्ली , 25 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर उत्तराखण्ड में सड़क कनेक्टीवीटी से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को कंडाली (बिच्छु घास) से बनी स्टॉल के साथ ही राज्य के अन्य स्थानीय उत्पाद भी भेंट किये। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से सी.आईआर.एफ के प्रस्तावों पर वित्तीय एवं प्रशासकीय अनुमोदन के लिए अनुरोध किया। केन्द्रीय संड़क परिवहन मंत्री ने कहा कि सी.आईआर.एफ में राज्य को 250 करोड़ रूपये की परियोजना की स्वीकृति प्रदान की जायेगी।



Pic : DIPR

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित आपदा से क्षतिग्रस्त हुये राष्ट्रीय राजमार्गों को सुचारू किये जाने के लिए एफ0डी0आर0 (सी0) के अन्तर्गत धनराशि का भुगतान किये जाने का अनुरोध केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इसके लिए बाढ़ क्षति की मरम्मत के तहत पुनः प्रस्ताव भेजा जाय। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग -109 k के ज्यामितीय सुधार एवं चौड़ीकरण कार्य के लिये उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग को निर्माण एजेन्सी के रूप में नामित किये जाने की स्वीकृति प्रदान किये जाने का भी अनुरोध किया। इसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने सहमति दी। मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने मसूरी की महत्वपूर्ण 02-लेन टनल परियोजना के कार्य को शीघ्रता से करने के एन.एच.ए.आई के अधिकारियों को निर्देश दिये।

यमुनोत्री धाम को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-123(507) डामटा से बड़कोट के 2-लेन चौड़ीकरण हेतु डी0पी0आर0 लागत रू0 367.35 करोड़ मात्र की स्वीकृति प्रदान करने का भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग चारधाम यात्रा का वैकल्पिक मार्ग है। केन्द्रीय मंत्री द्वारा इसकी स्वीकृति जल्द दिये जाने का आश्वासन दिया गया।

मुख्यमंत्री ने खटीमा - पीलीभीत बाईपास का निर्माण एन0एच0ए0आई0 के माध्यम से कराये जाने का अनुरोध किया जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस पर विचार किया जायेगा। खटीमा मेलाघाट वनमहोलिया मार्ग तथा खटीमा लोहियाहैड मार्ग में आर0ओ0बी0 का निर्माण के लिए मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केन्द्रीय मंत्री ने आरओबी के लिए परीक्षण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून रिंग रोड निर्माण कार्य के लिए एन0एच0ए0आई0 द्वारा संरेखण के अंतिमीकरण की कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने एन0एच0-(ओ0) के




अन्तर्गत इनकी जल्द स्वीकृति का अनुरोध केंद्रीय मंत्री से किया। केन्द्रीय मंत्री ने इस पर त्वरित कार्यवाही के लिए एनएचएआई को निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से कुमॉऊ से गढ़वाल मण्डल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-87ई0 (109) (ज्योलीकोट से कर्णप्रयाग) और उत्तराखण्ड एवं हिमाचल राज्य को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-72बी0 (707)(फेडिज से सनैल) के 2-लेन में परिवर्तन के समरेखण प्रस्ताव पर शीघ्र अनुमोदन दिये जाने का अनुरोध किया। श्रीनगर शहरी क्षेत्र में अत्यधिक यातायात घनत्व को दृष्टिगत रखते हुये बाईपास निर्माण के लिए भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने इन तीनों योजनाओं की डीपीआर पर इस माह में स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से अनुरोध किया कि जनपद पिथौरागढ़ के जौलिंगकांग (व्यास घाटी) से बेदाग के मध्य 5 कि०मी० टनल का निर्माण वेदांग से गो एवं सिपु तक 20 कि०मी० मार्ग सहित किये जाने से बी०आर०ओ० एवं सी0पी0डब्लू0डी० द्वारा निर्मित तवाघाट से वेदांग तक का मार्ग संयोजित हो जायेगा। यह जौलिंगकांग एवं बेदांग की दूरी 161 कि०मी० कम कर देगा। सिपु से तोला के मध्य लगभग 22 कि०मी० लम्बाई की टनल का निर्माण किये जाने से दारमा वैली तथा जोहार वैली एक दूसरे से कनेक्ट हो जायेंगे। उन्होंने कहा मिलम से लथल तक 30 कि०मी० टनल का निर्माण होने से जनपद पिथौरागढ़ की जोहार घाटी एवं जनपद चमोली का लप्थल सड़क मार्ग को कनेक्ट किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 03 टनल मार्गों एवं 20 कि०मी० सड़क मार्ग के निर्माण से जौलिंगकांग से लप्थल की दूरी लगभग 42 कि०मी० हो जायेगी, जो कि वर्तमान में 490 कि0मी0 है। मुख्यमंत्री ने गो गांव से आगे बेदांग तक मोटर मार्ग निर्माण किये जाने एवं व्यास वैली में जौलिंगकांग से दारमा वैली के बेदांग गांव को जोड़ने हेतु दोनों ओर से लगभग 19 कि०मी० लम्बाई के मोटर मार्ग एवं लगभग 3 कि०मी० लम्बाई के टनल निर्माण की किये जाने का भी अनुरोध किया। बैठक के दौरान उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री, लोक निर्माण विभाग सतपाल महाराज सचिव पीडब्लूडी डॉक्टर पंकज पांडेय भी उपस्थित थे।

# आईआईटी रुडक़ी का दीक्षांत समारोह 28 जुलाई को

## 29 जुलाई को दूसरे अखिल भारतीय शिक्षा समागम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे शामिल

रुडक़ी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूडक़ी (आईआईटी रूडक़ी) में आज दूसरे अखिल भारतीय शिक्षा समागम से पूर्व राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। 29 जुलाई को दूसरे अखिल भारतीय शिक्षा समागम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे शामिल। प्रेस वार्ता को आईआईटी रूडक़ी के निदेशक श्री केके पंत, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान श्रीनगर के निदेशक श्री ललित कुमार अवस्थी और उत्तराखंड कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्रीय निदेशक श्री रवि चिलुकोटी ने संबोधित किया।



प्रेस वार्ता के दौरान श्री पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विकसित पाठ्यक्रम छात्रों को अत्यधिक लचीले ढांचे में बहु-विषयक और समग्र शिक्षा के अवसर प्रदान करता है जैसा कि परिकल्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां संस्थान अपने छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी अत्याधुनिक तकनीकों में अनिवार्य पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है, वहीं यह छात्रों को 'भारतीय ज्ञान प्रणाली' पर पाठ्यक्रम भी पढ़ा रहा है और 'सामुदायिक आउटरीच' पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को समाज से जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नए पाठ्यक्रम में, सभी कार्यक्रमों में छात्र भौतिकी, गणित और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के अलावा सॉफ्ट स्किल्स, टिंकरिंग और मेंटरिंग, डेटा साइंस, भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस), पर्यावरण विज्ञान और स्थिरता (ईएसएससी), सामुदायिक आउटरीच (कोर) पर पाठ्यक्रम का अध्ययन करेंगे। संस्थान छात्रों को उद्योग के सहयोग से व्यावसायिक कौशल विकसित करने में भी सक्षम बनाता है जैसा कि एनईपी 2020 में जोर दिया गया है।

आईआईटी रूडक़ी के निदेशक श्री पंथ ने बताया कि संस्थान एनईपी 2020 के कार्यान्वयन की तीसरी वर्षगांठ के साथ-साथ अपने वार्षिक उपाधि प्रदान कार्यक्रम का जश्न मनाने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वह एनईपी 2020 को अपनाने के परिणाम को लेकर बहुत आशावादी हैं। कुलशासक शैक्षणिक मामले, प्रोफेसर अपूर्व कुमार शर्मा ने इस दौरान घोषणा की कि स्नातक उपाधि प्राप्त करने वाले स्नातक छात्रों की संख्या 1,076 है, जबकि 686 छात्र अपनी मास्टर उपाधि प्राप्त करेंगे, और 154 छात्रों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, उत्तराखंड में कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्रीय निदेशक, श्री रवि चिलुकोटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) कार्यान्वयन के साथ कौशल विकास पहल को एकीकृत करने पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने आज के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में छात्रों को रोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल से लैस करने के महत्व पर जोर दिया। श्री चिलुकोटी ने कौशल विकास कार्यक्रमों एवं आईआईटी रूडक़ी व एनआईटी उत्तराखंड जैसे शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य सिद्धान्तिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच अंतर को पाटना है।

एनआईटी उत्तराखंड के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने इस बात पर मूल्यवान दृष्टिकोण जोड़ा कि एनईपी ने एनआईटी उत्तराखंड में शैक्षणिक परिदृश्य और नीतियों को कैसे प्रभावित किया है। उन्होंने बहु-विषयक दृष्टिकोण को अपनाने और छात्रों के बीच नवाचार और अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देने में संस्थान की पहल पर चर्चा की। प्रो.अवस्थी ने एनईपी के मूल सिद्धांतों के अनुरूप समावेशन और सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा, उद्योग और सरकार सहित विभिन्न क्षेत्रों से हाथ मिलाने और संसाधनों को एकत्रित करने के महत्व पर जोर दिया। मजबूत सहयोग को बढ़ावा देकर, वे सामूहिक रूप से एक समावेशी और जीवंत शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र बना सकते हैं जो छात्रों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है और उन्हें 21वीं सदी के वैश्विक परिदृश्य में आगे बढने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और मूल्यों से लैस करता है।

# अब अंगूठी रखेगी आपकी हेल्थ का ख्याल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जुलाई , जिस तरह टेक्नोलॉजी डेवलप हो रही है, उससे सबकुछ आसान होता है जा रहा है। अब तक Smart Watch से हेल्थ की जानकारी मिलती थी लेकिन अब BoAt एक स्मार्ट रिंग लेकर आ रही है। जिसमें हेल्थ से जुड़े कई जबरदस्त और हाईटेक फीचर्स होंगे। कंपनी ने अपनी पहली बोट स्मार्ट रिंग भारत में अनाउंस कर दी है। इस स्मार्ट रिंग में वो सभी हेल्थ फीचर्स मिलेंगे, जो स्मार्टफोन और स्मार्टवॉच में मिलते हैं। इस स्मार्ट रिंग को 5ATM वॉटर रसिस्टेंस के साथ कंपनी ने पेश किया है। इसमें कई स्मार्ट कंट्रोल यूजर्स को मिलेंगे। आइए जानते हैं इस रिंग में क्या-क्या खूबियां होंगी...

boAT India के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर कंपनी के स्मार्टवॉच की घोषणा की गई है। भारत में जल्द ही यह रिंग लॉन्च हो जाएगी। हालांकि इसकी लॉन्च डेट अभी तक रिवील नहीं की कई है। Amazon, Flipkart और boAt की ऑफिशियल वेबसाइट से इस रिंग को आप खरीद पाएंगे।

यह स्मार्ट रिंग हेल्थ एंड वेलनेस वियरेबल है। इसमें स्मार्टफोन और स्मार्टवॉच वाले सभी हेल्थ फीचर्स मिलेंगे। बोट के इस रिंग को सिरेमिक और मेटल बिल्ड से बनाया गया है। इसका लुक काफी स्टाइलिश है। डेली यूज के लिए इसे 5 ATM के साथ कंपनी पेश कर रही है। यह इस रिंग को वॉटर और स्वैट रसिस्टेंट बनाने का काम करता है।

स्मार्टवॉच, स्मार्टबैंड और स्मार्टफोन की तरह यह डेली एक्टिविटी को ट्रैक करने का साथ स्टेप काउंट, डिस्टेंस काउंट और कैलोरी बर्न को देख सकते हैं।बोट स्मार्ट रिंग में हार्ट रेट मॉनिटरिंग सेंसर मिलेगा, जो वर्कआउट के दौरान हार्ट रेट को ट्रैक करेगी। इसमें कई स्मार्ट टच कंट्रोल भी कंपनी ने दिए हैं।यह रिंग आपके बॉडी टेम्परेचर को भी मापने का काम करेगा। कंपनी दावा कर रही है कि रिंग कई हेल्थ इशू को पहचानने में आपकी हेल्प करेगी।

इस स्मार्टरिंग में SpO2 मॉनिटरिंग सेंसर कंपनी दे रही है, जिससे ब्लड ऑक्सिजन लेवल की जानकारी पा सकेंगे। दिन के अलावा रात में भी सोते समय रिंग आपकी नींद को मॉनिटर करेगी। स्लीपिंग पैर्टन को समझेगी। इसमें स्लीप boAt Ring App ड्यूरेशन, स्लीप स्टेज जैसे- REM, डीप स्लीप, लाइट है। स्मार्ट बैंड और स्मार्टवॉच की तरह ही यह स्मार्ट रिंग महिलाओं के लिए मैनस्ट्रुअल ट्रैकर का काम भी करेगी। इससे वे महिलाएं मैन्स्ट्रुअल साइकल को ट्रैक कर पाएंगी। बोट की यह रिंग पुश स्मार्ट नोटिफि-केशन और रिमाइंडर्स प्रोवाइड करेगी।


Pic Source : Google

# डाइजेस्ट नहीं होता खाना तो तुरंत डेली रूटीन में करें ये बदलाव

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जुलाई , अगर कुछ भी खाते हैं और सही से पचता नही हैं तो आपका पाचन तंत्र कमजोर हो सकता है. इसके पीछे आपकी खराब लाइफस्टाइल भी हो सकती है. डेली रूटीन में कुछ बदलाव करके पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है.सेहत के बारे में कहा जाता है कि डाइजेशन सही हो तो आधी से ज्यादा बीमारियां दूर रहती हैं. अगर खाना सही से न पचे तो शरीर को जरूरत के मुताबिक पूरे पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं, जिससे आपका शरीर और रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) कमजोर हो जाती है. इम्यूनिटी कमजोर होने पर कई बीमारियां होने की आशंका रहती है. डाइजेशन से जुड़ी प्रॉब्लम अगर लगातार बनी रहें तो अपनी खान-पान और डेली रूटीन में बदलाव करना बेहद जरूरी हो जाता है.कुछ भी खाते हैं और पचता नहीं है या फिर हर वक्त पेट में मरोड़, कब्ज की समस्या बनी रहती है तो इसके पीछे की वजह आपका कमजोर पाचन तंत्र हो सकता है. अगर आप भी आए दिन पेट से जुड़ी समस्याओं से जूझते हैं तो डेली रुटीन में कुछ छोटे-छोटे बदलाव आपके पाचन को मजबूत बनाने में हेल्पफुल रहेंगे और आप एनर्जेटिक महसूस करेंगे

**सुबह उठकर पानी**

अगर डाइजेशन से परेशान हैं तो रोजाना का ये नियम बना लें कि सुबह उठकर एक गिलास गुनगुना पानी पिएं, इससे आपकी बॉडी के टॉक्सिन यानी विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और पाचन में धीरे-धीरे सुधार आने लगता है.

**नाश्ता न करें स्किप**

ज्यादातर लोगों की आदत होती है कि काम की जल्दी में वह या तो आधा-अधूरा नाश्ता करते हैं या फिर सिर्फ चाय पीकर घर से निकल जाते हैं, लेकिन आपकी ये आदत पेट में गैस बना सकती है. इसलिए रोजाना अपना ब्रेकफास्ट टाइम से करने की आदत डालें और कोशिश करें कि ब्रेकफास्ट हेल्दी हो, खाली पेट चाय भूलकर भी नहीं पीनी चाहिए.

**योग या फिर एक्सरसाइज**


खुद को एनर्जी देने और हेल्दी रहने के लिए अपनी सुबह की शुरुआत योगा या फिर एक्सरसाइज, साइकलिंग, वॉक करने से करें. इससे आपका डाइजेशन तो सही रहेगा ही साथ ही आपकी पूरी बॉडी को कई हेल्थ बेनेफिट्स मिलेंगे.

**डिनर का बनाएं ये नियम**

रात को खाने में कोशिश करें कि हल्की चीजें ही लें ताकि पचाने में आसानी हो. खाने और सोने के बीच तकरीबन दो घंटे का अंतर रखें, इसके साथ ही खाने के बाद कुछ देर टहलने की आदत डालें.


साभार गूगल

# क्या आप जानते हैं Twitter के नए Logo X का मतलब ?


साभार गूगल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जुलाई , Twitter बहुत जल्द आपको बिल्कुल नए रंग-ढंग में नजर आएगा। एलोन मस्क (Elon Musk) ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। Logo से ब्लू बर्ड हट जाएगा और इसकी जगह 'X' ले लेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मस्क की प्लानिंग है कि 'X' नाम से एक 'सुपर ऐप' बनाया जाए, जो चीन के WeChat की तरह है। अपने ट्वीट में मस्क ने इस बात की जानकारी दी है। नया लोगो बहुत जल्द ही लाइव हो जाएगा। आइए जानते हैं ट्विटर का नए लोगो 'एक्स' का क्या मतलब है और इसके बदलने से ट्विटर पर क्या-क्या बदलाव आएंगे?

**ट्विटर के नए Logo 'X' का क्या मतलब है**

Twitter का नया लोगो एलोन मस्क के Space X का ही एक्स है। उनकी कार कंपनी टेस्ला में भी एक्स आता है। यही एक्स अब जल्द ही ट्विटर की ब्लू बर्ड की जगह दिखेगा। 2017 में Pay-Pal से X.com डोमेन मस्क ने खरीदा था। अब X.com पर Twitter पर रीडाइरेक्ट करने की तैयारी है। मतलब ब्राउजर में X.com ओपन करने पर ट्विटर एक्स पर पहुंच जाएंगे।

**Twitter के नए लोगो से क्या-क्या बदलाव होगा**

नया लोगो 'X' अनलिमिटेड एक्टिविटीज का फ्यूचर है। इसमें ऑडियो, वीडियो, मैसेजिंग, ट्रांजेक्शन, बैंकिंग, गुड्स एंड सर्विसेज और अपॉर्चुनिटी के लिए ग्लोबल मार्केट बनेगा। एआई लैस, एक्स अपने यूजर्स को एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी सर्विस प्रोवाइड करेगा।

Elon Musk अपने प्लेटफॉर्म को We Chat की तरह बनाना चाहते हैं। ऐसे में उन्होंने पहले ही इस तरह के बदलाव के संकेत दे दिए थे। चीनी सुपर ऐप WeChat पर भी एक ही प्लेटफॉर्म पर यूजर्स को कई सर्विसेज मिल जाती हैं। इस पर सोशल मीडिया, पेमेंट सर्विस, टिकट बुकिंग सर्विस, गेमिंग सर्विस और दूसरी यूटिलिटी बेस्ड सर्विस मिलती है।

# स्वर्गीय विकास बिष्ट को श्रद्धा के सुमन अर्पित : सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 25 जुलाई , महानगर कार्यालय पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय विकास बिष्ट जी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी उपस्थित रहे साथ ही उन्होंने स्वर्गीय विकास बिष्ट के चित्र पर श्रद्धा के सुमन अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके और अपने बीते समय को साझा किया और कहा कि उन जैसे व्यक्तित्व का योगदान पार्टी एवं संगठन हमेशा याद रखेगा।

महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने भी स्वर्गीय विकास बिष्ट को श्रद्धा के सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम सभी को ऐसे कार्यकर्ताओं जिन्होंने पार्टी को मजबूती देने का काम किया हमेशा स्मरण करते रहना चाहिए।कैंट विधानसभा से सविता कपूर ने भी स्वर्गीय विकास बिष्ट जी को याद करते हुए श्रद्धा के सुमन अर्पित किए।

शोक सभा में महानगर उपाध्यक्ष राजेंद्र ढिल्लों संतोष सेमवाल सुनील शर्मा रतन सिंह चौहान संध्या थापा महानगर महामंत्री विजेंद्र थपलियाल सुरेंद्र राणा महानगर मंत्री राजेश कंबोज संदीप मुखर्जी संकेत नौटियाल विमल उनियाल महानगर कार्यालय प्रभारी विनोद शर्मा कोषाध्यक्ष मोहित शर्मा महानगर मीडिया प्रभारी उमा नरेश तिवारी आशीष शर्मा विपिन खंडूरी शाहपुर उनियाल प्रदीप कुमार अक्षत जैन रंजीत सेमवाल एवं महानगर के पदाधिकारी मोर्चा पदाधिकारी सभी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षक एसोसिएशन ने लक्सर और खानपुर को डूब क्षेत्र घोषित करने की मांग की

हरिद्वार। राजकीय प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन ने सरकार से लक्सर और खानपुर को डूब क्षेत्र घोषित किए जाने की मांग की है। प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि से संपूर्ण क्षेत्र पानी में डूब गया है। जिस कारण आने जाने के सभी सडकें ध्वस्त हो गई हैं। प्राथमिक विद्यालय, सरकारी कार्यालय व बाजार में लगभग छह फीट पानी भर गया हैं। कई स्कूलों का रिकॉर्ड और मध्यान भोजन सामग्री पानी भरने के कारण खराब हो गई है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन ने सोमवार को इस संबंध में डीईओ बेसिक से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि लक्सर और खानपुर में जल भराव से अध्यापकों को स्कूल जाने के लिए कई-कई किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। इसलिए लक्सर और खानपुर तहसील क्षेत्र को डूब क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए। कहा कि शिक्षा विभाग में शिक्षकों के लिए बनने वाली वार्षिक स्थानांतरण नीति में जनपद हरिद्वार के विकासखंड लक्सर और खानपुर को डूब क्षेत्र घोषित करते हुए स्थानांतरण नीति में शामिल कर शिक्षकों को वार्षिक स्थानांतरण में डूब क्षेत्र, दुर्गम क्षेत्र का लाभ मिलना चाहिए। महामंत्री दर्शन सिंह पंवार ने कहा कि अभी हाल ही में शिक्षकों के जो वार्षिक अनिवार्य स्थानांतरण हुए हैं और स्थानांतरण के बाद जो शिक्षक दुर्गम में अपने मूल विद्यालय में ही रहना चाहते हैं। उनके स्थानांतरण आदेश को निरस्त करते हुए उनकी जगह पात्रता सूची के अगले क्रमांक के अध्यापकों का स्थानांतरण किया जाए। ताकि अध्यापकों को स्थानांतरण का लाभ मिल सके और पात्रता सूची के 15 प्रतिशत की सीमा भी पूरी हो सके। कहा कि अप्रैल 2023 में शिक्षकों की पदोन्नति हुई थी, पदोन्नति के बाद कई शिक्षकों ने अपने नई तैनाती विद्यालय में कार्यभार ग्रहण नहीं किया। जिस कारण शिक्षकों के कई पद रिक्त पड़े हुए हैं। पठन-पाठन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए यथाशीघ्र पदोन्नत की प्रतीक्षा सूची जारी की जाए। ताकि शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ मिल सके और विद्यालय में अध्यापकों की पूर्ति होने के बाद छात्र-छात्राओं की शिक्षण व्यवस्था में सुधार हो सके।

# जल भराव से धान और गन्ने की फसल बर्बाद

हरिद्वार। बीते दिनों हुई बारिश से लालढांग क्षेत्र में हुए जलभराव से किसानों की धान और गन्ने की फसल तबाह हो गई है। जुलाई माह में औसत से ज्यादा बरसात के चलते लालढांग क्षेत्र के गैंडीखाता, गुज्जरबस्ती, दूधला दयालवाला, पीली पढ़ाव आदि गांवो में जलभराव और बाढ़ के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। दूधला दयालवाला के किसान सरबन सिंह, रघुवीर सिंह, कुलवंत सिंह, कुलदीप सिंह, बलवंत सिंह, संदीप लहरी, इंद्रजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, विजेंद्र रावत, चंद्रपाल, वेदप्रकाश, नथिराम सहित कईं किसानों की 200 बीघा से ज्यादा की पशु चारा, गन्ने और धान की फसल जलमग्न होने के कारण बर्बाद हो गई। गैंडी खाता के मजरा खदरी और गुज्जर बस्ती में जल भराव के चलते 50 बीघा धान की फसल नष्ट हो गई है।

# जौनसार बावर के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए सरकार

विकासनगर। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष और ग्रामीणों ने जौनसार बावर लाचार स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सोमवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत को एक ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें बताया गया कि कालसी, हरिपुर से लेकर त्यूणी दूरुस्थ क्षेत्र तक बसे जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर में अस्पतालों की हालत चिंताजनक है। कई बार महिलाएं प्रसव पीड़ा के दौरान अस्पताल के बरामदे में बच्चे को जन्म दे देतीं हैं। ज्ञापन में बताया कि अल्ट्रासाउंड और एक्सरे तक की अस्पतालों में सुविधा नहीं है। जिससे लोगों को विकासनगर व देहरादून के चक्कर काटने पडते हैं। ज्ञापन में बताया गया कि आपदा मानसून जैसा भयनक सीजन है। लेकिन जौनसार बावर के किसी भी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती नहीं है। बताया यहां तक चकराता के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन थिएटर तो है, लेकिन सर्जन नहीं हैं। बताया कि सब सेंटर, एनएम सेंटर जैसे अधिकतर सेंटरों पर ताले लटके हुए हैं। बताया कि महिला चिकित्सक ना होने के कारण कई बार महिलाओं की प्रसव पीड़ा के दौरान मृत्यु भी हो चुकी है। आशा कार्यकर्ता कभी-कभी गांव मे मिलती हैं और अधिकतर समय वह मैदानी क्षेत्रों मे रहती हैं। बताया कि ऐसी स्थिति में पहाड़ों की दूरुस्थ स्वास्थ्य सुविधाएं कैसे मजबूत होगी। ज्ञापन में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा, ओमप्रकाश देवा, प्रताप, बाबूराम शर्मा, अनील वर्मा, अशा राम शर्मा, मनोज, नीशा, मनोज, नीशा, राजेश, विनोद आदि के हस्ताक्षर हैं।

# सात शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोका

हल्द्वानी। खंड शिक्षा अधिकारी ओखलकांडा सुलोहिता नेगी ने राजकीय इंटर कॉलेज खनस्यू का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें विद्यालय में शिक्षक आराम फरमाते हुए मिले। इस पर उन्होंने शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी नेगी ने कहा निरीक्षण के दौरान 7 शिक्षक विद्यालय के मैदान में आराम फरमाते हुए पाए गए। जिसके चलते उनका वेतन रोका गया है। साथ ही सभी शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है।

# योजनाओं का लाभ आम जनमानस को दिलाना सुनिश्चित करें अधिकारी

अल्मोड़ा। सचिव उत्तराखंड शासन डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम द्वारा आज विकास भवन सभागार में भारत सरकार के विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रम, जिला योजना, राज्य सेक्टर, बाह्यसहायतित योजनाएं तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षा है कि 2025 तक उत्तराखंड राज्य को देश के श्रेष्ठ राज्यों में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि इसी अवधारणा के अनुरूप सभी अधिकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आजीविका से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिले में अधिक से अधिक आजीविका वर्धक कार्य किए जाएं। इसके लिए उन्होंने उद्यान विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता, पर्यटन समेत अन्य विभागीय अधिकारियों को कहा कि आजीविका को बढ़ाने के जनपद में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी व्यक्तिगत प्रयास करें तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करते हुए लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करें। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपना अपना वार्षिक प्लान तैयार करें तथा लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन, अमृत सरोवर, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, पीएम पोषण योजना, सर्व शिक्षा अभियान, पीएमजीएसवाई, पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत योजना, मातृ वंदन योजना, राष्ट्रीय बागवानी अभियान, पीएम फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा जनपद में योजना की स्थिति जैसे अनेक मुद्दों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समय समय पर रिपोर्ट प्राप्त की जाए।

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान सचिव उत्तराखंड शासन ने कहा कि मार्च 2024 तक जल जीवन मिशन के सभी कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होंने कहा कि कार्यों में बाधा बन रहे ऐसे प्रकरण जो शासन स्तर के हैं, उन्हें शासन स्तर पर अवगत कराया जाए।

अमृत सरोवर योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जो अमृत सरोवर बनकर तैयार हो गए हैं, उनमें मत्स्य पालन की गतिविधियों को बढ़ाया जाए। उन्होंने सहायक निदेशक मत्स्य विभाग को निर्देशित किया कि एसएचजी तथा अन्य समूहों को अमृत सरोवर में मत्स्यपालन तथा उसके रखरखाव के लिए प्रित्साहित किया जाए।

उन्होंने सभी योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति को बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी विनीत तोमर, परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिंह, डीडीओ एसके पंत, उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तराखण्ड शासन
G20 भारत 2023 INDIA
आज़ादी का अमृत महोत्सव



1916—1944
25 जुलाई
स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रदूत
अमर शहीद
श्रीदेव सुमन
को उनकी पुण्यतिथि पर
उत्तराखण्डवासियों की ओर से
शत्-शत् नमन
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# महानायक अमिताभ बच्चन बनेंगे पीएम, निभाएंगे लीड रोल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जुलाई , पीएम नरेंद्र मोदी पर एक और फिल्म बनने की खबर है, खास बात ये है कि इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के लीड रोल निभाने की चर्चा चल ही है. बीते कुछ सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई फिल्में और वेब सीरीज बन चुकी हैं. अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर पीएम मोदी की बायोपिक को लाने की तैयारी शुरू हो गई है. प्रोड्यूसर प्रेरणा अरोड़ा अब पीएम मोदी की बायोपिक की प्लानिंग कर रही हैं.

फिल्म 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' और 'परी' जैसी फिल्मों के लिए प्रोड्यूसर प्रेरणा अरोड़ा मशहूर हैं. खबरों की मानें तो प्रेरणा पीएम मोदी पर बायोपिक बनाना चाहती हैं. क्योंकि वह भारत में सबसे 'गतिशील, सुंदर और सक्षम' व्यक्ति हैं और वह उनसे बड़े हीरो के बारे में सोच भी नहीं सकतीं. इतना ही नहीं प्रेरणा अपनी इस बायोपिक के लिए अमिताभ बच्चन को कास्ट करना चाहती हैं. उनका मानना है कि इस किरदार के लिए उनसे बेहतर कोई नहीं हो सकता.

प्रेरणा का ये भी कहना है कि उनकी बायोपिक में देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी के जीवन के कई पहलुओं को शामिल किया जाएगा. जिसमें विदेश नीति को बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाने से लेकर आर्थिक विकास लाने, कोविड-19 महामारी से निपटने और वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन तक शामिल किया जाएगा. पहले एक्टर विवेक ओबेरॉय भी पर्दे पर पीएम मोदी का किरदार निभा चुके हैं.

हालांकि जब प्रेरणा को ये बताया गया कि पीएम मोदी पर पहले भी बायोपिक बन चुकी है. तो उनका कहना था कि उन्होंने उस फिल्म को नहीं देखा है, लेकिन उनका कहना था कि वह अपनी फिल्म के जरिए पीएम मोदी और उनकी कहानी के साथ पूरा न्याय करेंगी. बता दें, विवेक ओबेरॉय की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था. लेकिन देखना दिलचस्प होगा की प्रेरणा क्या नया पाएम मोदी की बायोपिक में दिखाती हैं.


Pic Source : Google

# कमल ज्वैलर्स में शुरू हुआ अनदेखा डायमंड ज्वैलरी एग्जीबिशन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 25 जुलाई, 2023। प्रसिद्ध ज्वैलरी ब्रांड और उत्तराखंड की शान कमल ज्वैलर्स देहरादून, हरिद्वार और विकास नगर में स्थित अपने सभी चारों स्टोर्स पर शानदार डायमंड ज्वेलरी एग्जीबिशन की शुरुआत कर दी है। यह विशेष आयोजन सोमवार 24 जुलाई से 6 अगस्त 2023 तक आयोजित किया जाएगा।

कमल ज्वैलर्स द्वारा आयोजित इस डायमंड ज्वैलरी एग्जीबिशन का उद्देश्य अपने ग्राहकों के लिए हीरे के आभूषणों का एक अद्भुत और अब तक का अनदेखा संग्रह पेश करना है, जो देहरादून, हरिद्वार और विकासनगर के लोगों को आभूषणों की खरीदारी का एक अनोखा अनुभव प्रदान करेगा। बेहद बारीकी से तैयार किए गए इस कलेक्शन में हर किसी के पसंद के अनुसार बेहतरीन हीरे के डिज़ाइनर गहने शामिल हैं।

कमल ज्वैलर्स के मैनेजिंग पार्टनर कमल रस्तोगी ने न्यूज़ वायरस को बताया की, ₹हम देहरादून, हरिद्वार और विकास नगर में अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए आयोजित होने वाली इस ₹ डायमंड ज्वैलरी एग्जीबिशन₹ को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को एक बेजोड़ आभूषण खरीदारी का अनुभव प्रदान करना है। ग्राहक भव्य हीरे के आभूषण खरीदने के शानदार अवसर का लाभ उठा सकते हैं। चुनने के लिए उनके पास एक विस्तृत रेंज है और आकर्षक छूट उपलब्ध है। यह एक अनूठा अवसर है, जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए।

ग्राहकों के लिए इसे और भी आकर्षक बनाने के लिए, कमल ज्वैलर्स इस दौरान हीरे के मूल्य पर 25 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट प्रदान कर रहे हैं।







# कैसे बनती है एयर होस्टेस ? पढ़िए पूरी जानकारी


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 25 जुलाई , भारत में एयर होस्टेस बनने के लिए 12th पास होना जरुरी है. बल्कि और सभी देश में एयर होस्टेस को ग्रेजुट होना जरुरी होता है. फिमेल कंडीडेट के लिए हाइट 157 cm और male कंडीडेट के लिए हाइट 170 cm होनी चाहिए. और उसका वेट उसके हाइट के अच्कोर्डिंग होना चाहिए. एयर होस्टेस के पास 90 किलो वजन की धकेलने की क्षमता होनी चाहिए. यह इसलिए होता है की एक एयर होस्टेस यात्री के लगेज को ओवर हेड बिन में रख सके. उसके साथ ही एयर होस्टेस को स्विमिंग आनी चाहिए. और उसके बॉडी पर कोई टैटू नहीं होना चाहिए. और अगर है भी तो वह ऐसे जगह पर होना चाहिए जो ड्रेस पहनने पर दिखाई ना दे. एयर होस्टेस के लिए जरुरी होता है उसका खुबसूरत दिखना. एयर होस्टेस के चेहरे पर ज्यादा पिम्पल या स्टार्च नहीं होना चाहिए. और आँखों की रौशनी भी सही होनी चाहिए.

**एयर होस्टेस बनने के लिए कौन सा कोर्स करना पड़ता है.**

आप 12th क्लास के बाद सीधे एयर होस्टेस बन सकते है. लेकिन उसके साथ-साथ कंडीडेट में वो सभी स्किल होनी चाहिए ऐसे बहुत से कोचिंग सेंटर है जो एयर होस्टेस के कोर्स प्रोवाइड करते है. जिसमे वो आपको सब कुछ पूरा सिखाते है. और उसका प्रॉपर ट्रेनिंग देते है. तो दोस्तों एयर होस्टेस बंनने के लिए. एयर होस्टेस बनने के लिए 12th पास होना सबसे जरुरी है. उसके बाद आप एयर होस्टेस की कोई भी एक कोर्स करने के बाद सीधा एयर होस्टेस बन सकते है.

एयर होस्टेस को यात्रियों के फ्लाइट में चढ़ने से पहले और यात्रियों के उतरने के बाद पूरी फ्लाइट को चेक करना होता है. एक एयर होस्टेस को यात्री के हर सुविधा का पूरा ख्याल करना होता है. उसके खाने से लेकर अगर यात्री को कोई दिक्कत अथवा उसको कोई जानकारी चाहिए तो एयर होस्टेस का ही काम होता है उसको पूरी जानकारी दी जाये. फ्लाइट में इमरजेंसी और चिकित्सा किट उपलब्ध है की नहीं यह भी चेक करना एयर होस्टेस का काम होता है. किसी को स्वस्थ सम्बन्धी समस्या होने पर जैसे साँस की प्रॉब्लम, हार्ट अटैक, यहाँ तक की किसी यात्री की प्रेगनेंसी यह सभी कार्य भी एयर होस्टेस का होता है. जिसके लिए इन्हें प्रॉपर ट्रेनिंग दी जाती है. और एयर होस्टेस बनने के बाद एयर होस्टेस को स्टार्टिंग में 30 हजार से 50 हजार के बीच सैलरी दी जाती है.



# डायरिया, बुखार और पेट दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी

विकासनगर। झमाझम बारिश होने के बावजूद गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। बारिश से मौसम ठंडा तो हुआ, लेकिन तेज धूप निकलने की वजह से उमस में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इसकी वजह से लोग बीमार हो रहे हैं। डायरिया और अन्य मौसमी बीमारियों की चपेट में आने की वजह से उप जिला चिकित्सालय में मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। सुबह अस्पताल खुलने से लेकर बंद होने तक और इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। डायरिया का प्रकोप इस कदर बढ़ा कि मरीजों की संख्या एकाएक बढ़ गई। इसके चलते अस्पताल की ओपीडी से लेकर इंडोर वार्ड के बेड फुल हो गए हैं। बदलते मौसम के के चलते लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। उप जिला चिकित्सालय में सबसे अधिक डायरिया के मरीज आ रहे हैं। हर दिन करीब सौ मरीज डायरिया के उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही फोड़े-फुंसी, सिर दर्द, चक्कर से ग्रसित मरीजों की भी अस्पताल में कतार लग रही है। मौसम के उतार-चढ़ाव और कभी हो तेज धूप से बचाव के प्रति जरा सी लापरवाही से लोगों की सेहत खराब हो रही है। अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे विकासनगर के अखिलेश ने कहा कि उसे एक हफ्ते से बुखार आ रहा है। उपचार के लिए उप जिला अस्पताल आया हूं।

## शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

विकासनगर। सावन के सोमवार को पछुवादून, जौनसार बावर के शिवालय भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठे। अधिकांश शिवालयों में तडक़े चार बजे से ही बाबा भोलेनाथ के भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। कई जगहों पर शिव के दुग्धाभिषेक के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रही। वहीं, बड़े मंदिरों के बाहर पुलिस की पुख्ता व्यवस्था भी की गई थी। सावन के सोमवार को लोगों का सुबह से ही मंदिरों के बाहर एक बड़ा हुजूम उमडऩे लगा था। सुबह-सुबह कानों में गूंजती शंखध्वनि की आवाज सुनाई दी। हर कोई जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक के लिए कड़ी मशक्कत करते हुए देखा गया। इस बीच, सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता की गई थी। कई मंदिरों के बाहर पुलिस की तैनाती की गई थी, जिससे कि भक्त अनुशासित होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहें। भक्तों ने जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर, शहद से बने पंचामृत से बाबा का पूजन किया। बाड़वाला स्थित प्राचीन शिव मंदिर के मुख्य आचार्य डॉ. सुनील पैन्यूली ने भक्तों को बताया कि सावन महीने में सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना का अलग महत्व है।

# शिकायतकर्ता सीधे मुझसे करें शिकायत, होगी तेज़ी से कार्यवाही : सोनिका, डीएम देहरादून

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 जुलाई , जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें 119 शिकायते प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों में अधिकतर शिकायतें भूमि संबंधित प्राप्त हुई जिनमें अवैध कब्जे, अतिक्रमण, दाखिला खारिज, भूमि सीमांकन के प्राप्त हुए इसके अतिरिक्त विद्युत, सिंचाई, लोनिवि, एमडीडीए, पुलिस, शिक्षा आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं से किसी के माध्यम से नहीं बल्कि अपने शिकायती आवेदनों को लेकर स्वयं मिलने को कहा ताकि वस्तुस्थि से अवगत होते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जा सके।

जिलाधिकारी ने आपदा से क्षतिग्रस्त हुई योजनाओं की शिकायतों पर उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में आपदा से हो रही क्षति के आंगणन प्रस्तुत करें। साथ ही भूमि संबंधी धोखाधड़ी के शिकायतों में एआईजी स्टाम को निर्देशित किया कि अभिलेखों की पूछताछ हेतु आए अनुरोधों पर जांच कर संबंधित को सूचित करें। संदिग्ध प्रतीत हो रहे अभिलेखों पर संबंधित को आगाह किया जाए। उन्होंने नगर निगम को निर्देशित किया कि दाखिला खारिज प्रक्रिया से पूर्व अभिलेखों की पड़ताल करें तथा जो प्रकरण संदिग्ध प्रतीत हों उनमें दाखिला खारिज कार्यवाही न की जाए। इसी प्रकार वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों पर क्षेत्रीय प्रबन्धक अग्रणीय बैंक को कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ एस के बरनवाल, अपर मुख्य आयुक्त नगर निगम जगदीश लाल, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी शालिनी नेगी,उप जिलाधिकारी वरूणा अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, विशेष भूमि अध्यपति अधिकारी के.एस नेगी, उप जिलाधिकारी अमृता शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विद्याधर कापड़ी, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, अधि अभि विद्युत राकेश कुमार, सहित सिंचाई, एमडीडीए, लोनिवि आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# उत्तराखंड में पहली बार परीक्षाफल सुधार परीक्षा आयोजन : डॉ. धन सिंह रावत

## प्रदेशभर के 96 केन्द्रों पर 7 से 12 अगस्त तक होगी परीक्षा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 25 जुलाई , राज्य सरकार ने 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल सुधार कार्यक्रम के तहत उत्तीर्ण होने का एक मौका दिया है। यह योजना प्रदेश में पहली बार शुरू की गई है, जिसमें वर्ष 2022-23 में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राएं अपने परीक्षाफल को सुधार सकेंगे। परीक्षा का आयोजन प्रदेश के सभी विकासखंडों के 96 परीक्षा केन्द्रों पर किया जा रहा है, जिसमें हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 23706 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में परीक्षाफल सुधार के दृष्टिगत राज्य सरकार ने एक नई पहल शुरू की है। जिसके तहत 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उत्तीर्ण होने का एक मौका दिया जा रहा है। इसके अलावा ऐसे परीक्षार्थी जो किसी



विषय में कम अंक लाये हों वह भी परीक्षा में शामिल होकर लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि अक्सर कई छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा स्कोर तो कर देते थे लेकिन किसी एक या दो विषय में फेल हो जाते थे, जिससे उनका साल बर्बाद हो जाता था। छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये परीक्षाफल सुधार परीक्षा में परीक्षार्थी हाईस्कूल में अधिकतम दो विषयों तथा इंटरमीडिएट में एक विषय में परीक्षा दे सकता है।

परीक्षा के आयोजन के लिये प्रदेशभर के सभी विकासखंडों में एक-एक परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं जबकि जनपद ऊधमसिंह नगर के रूद्रपुर विकासखंड में अधिक परीक्षार्थी होने के कारण दो परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा का आयोजन 7 अगस्त से 12 अगस्त 2023 तक किया जायेगा। सभी परीक्षाएं एकल पाली में प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक संपादित की जायेंगी। उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिये प्रत्येक जनपद में एक-एक संकलन केन्द्र बनाया गया है। जबकि उत्तर पुस्तिकाओं के मुल्यांकन हेतु मंडल स्तर पर एक-एक मुल्यांकन केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षाफल सुधार परीक्षा में इस बार हाईस्कूल के 13587 छात्र-छात्राओं ने 8 अगल-अलग विषयों तथा इंटरमीडिएट के 10119 छात्र-छात्राओं ने 28 अलग-अलग विषयों में आवेदन किया है। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. रावत ने सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल सुधार परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिये अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशासन ने पांच भवन कराए खाली

ऋषिकेश। आईडीपीएल से भवनों को खाली कराने की प्रक्रिया जारी है। वन विभाग ने प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में सोमवार को पांच भवनों को खाली कराया। अभी तक आवासीय कॉलोनी में 40 से ज्यादा भवनों को खाली कराया गया है। जबकि, 25 खंडहर भवनों को ध्वस्त किया जा चुका है। विरोध प्रदर्शन के बीच आईडीपीएल में सोमवार को भी वनकर्मी प्रशासन और पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। इस दौरान पांच भवनों को खाली कराया गया। हालांकि, इस दौरान किसी तरह का कोई विरोध नहीं होता दिखा। एसडीएम सौरभ असवाल ने बताया कि भवनों को खाली कराने के साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई थमने वाली नहीं है। पुलिस फोर्स की उपलब्धता के मुताबिक आगे भी खंडहर भवनों को जेसीबी से ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से कार्रवाई में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। कहा कि लोग खुद ही चिन्हित भवनों को खाली कर दें। कार्रवाई में रेंज अधिकारी देवेंद्र पुंडीर आदि शामिल रहे।

### आईडीपीएलवासियों के संघर्ष में साथ दूंगा: हरीश

ऋषिकेश। आईडीपीएल में आवास ध्वस्त करने की प्रशासन की कार्रवाई पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया सरकार यह जमीन गुजरात के एक उद्योगपति को देना चाहती है। आरोप लगाया कि प्रदेश की धामी सरकार उद्योगपति के दबाव में भवनों पर बुलडोजर चला रही है। पूर्व सीएम बोले कि किसी भी स्थानीय निवासी पर डंडा और भवन पर बुलडोजर चला, तो कांग्रेस आंदोलन में साथ खड़ी होगी। महीनेभर से आईडीपीएल से आवास खाली कराने के विरोध में चल रहे आंदोलन में सोमवार को पूर्व सीएम हरीश रावत भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि आईडीपीएल को बचाने के लिए साझा लड़ाई की जरूरत है। आंदोलनकारियों को अन्य राजनीतिक और सामाजिक संगठन को भी साथ लाना होगा। कहा कि यहां लोग कब्जा करके नहीं बैठे हैं, बल्कि सरकार की इजाजत से वहां निवास कर रहे हैं। बोले, स्थानीय लोगों के पास घर बचाने का सिर्फ एक ही रास्ता है कि वह साझी लड़ाई की रणनीति बनाएं। सरकार के अन्याय के खिलाफ कांग्रेस कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पूरा ऋषिकेश आईडीपीएल के साथ खड़ा होगा, तो उन्हें समझ आएगी। पूछा, आखिर मंत्री अग्रवाल इस अन्याय के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठा रहे हैं। भरी बरसात में स्थानीय लोगों को बेघर करने की कार्रवाई पर वह क्यों चुप्पी साधे हैं। कहा कि कांग्रेस के विधायक सरकार को आईडीपीएल बचाने को लेकर पत्र लिखेंगे। मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, राजपाल खरोला, जयेंद्र रमोला, विजयपाल सिंह रावत, संदीप कुमार, सुनील रामेश्वरी चौहान, उर्मिला, हेमंत, सूरज, जसवंत रावत, एनएच सिंह, सहजल शर्मा, आरती, विमला, सरिता आदि मौजूद रहे।

### मुजफ्फरनगर के दो गैंगस्टर गिरफ्तार

ऋषिकेश। डकैती और लूट समेत कई वारदातों में आरोपी मुजफ्फनगर के दो गैंगस्टर पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। आरोपियों से पुलिस ने रायवाला क्षेत्र से चोरी हुईं दो बाइकें बरामद की हैं। आरोपियों का एक साथी फरार बताया जा रहा है। उसकी धरकपकड़ को पुलिस की टीम का गठन किया गया है। खुलासे पर एसएसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। रायवाला थाने में सोमवार को एसपी ग्रामीण कमलेश उपाध्याय ने बाइक चोरी की घटनाओं का खुलासा किया। बताया कि मुजफ्फरनगर जिले में ग्राम भंडूर निवासी संदीप पुत्र मनीराम पाल और कोकड़ा अमित विहार के मोनू उर्फ सागर पुत्र हरपाल को रायवाला में अलग-अलग स्थानों से दो बाइकें चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हरिपुरकला में एक दुकान में चोरी का प्रयास भी किया। आरोपियों को पकडने के लिए पुलिस और एसओजी देहात की संयुक्त टीम गठित की गई थी। 23 जुलाई की शाम मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को चोरी की बाइकों के साथ बहादराबाद बाइपास मार्ग पर धर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी की बाइकों का इस्तेमाल गाजियाबाद में एक व्यापारी से लूट की घटना को अंजाम देने के लिए करना था। वह खुद की बाइक से चोरी से पहले रैकी करते थे। संबंधित बाइक को भी पुलिस ने बरामद किया है। एसपी ने बताया कि आरोपियों का साथी अंकित पुत्र सुखबीर सिंह निवासी सुक्रताल, मुजफ्फरनगर, यूपी अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। बताया कि दोनों ही आरोपियों पर मुजफ्फरनगर में गैंगस्टर ऐक्ट, चोरी, लूट और डकैती समेत कई आपराधिक मामलों के 29 केस दर्ज हैं। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। मौके पर सीओ संदीप नेगी, थानाध्यक्ष आईपीएस प्रशिक्षु जितेंद्र मेहरा आदि मौजूद रहे।

# स्टाइल क्वीन सीजन 3 का ऑडिशन एवं क्राउन लॉन्च





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नयी दिल्ली 22 जुलाई 2023स्टाइल क्वीन सीज़न 3 का ऑडिशन और क्राउन लॉन्च समारोह 22 जुलाई 2023 को नई दिल्ली के ग्रीन पार्क स्थित साउथगेट होटल में आयोजित किया गया था। विभिन्न क्षेत्रों के प्रतियोगियों ने चार श्रेणियों मिस/मिसेज/क्लासिक/प्लस साइज़ में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन आकाश पांडे द्वारा किया गया, निर्देशन कृतिका आहूजा द्वारा और संचालन ऋच्या तिवारी द्वारा किया गया। जूरी सदस्यों में मुंबई की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और मॉडल सुहानी मलिक, डॉ. नेहा भट्ट और होलिस्टिक कोच और सामाजिक उद्यमी अमायरा यादव शामिल थीं। कार्यक्रम को दिशायेन फाउंडेशन (एनजीओ) के फोटोग्राफी पार्टनर केडीएस वेडिंग फोटोग्राफी का समर्थन प्राप्त था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों में मिसेज नीलम, मिस मिनाली वर्मा, मिस सोनम बजाज और अपूर्वा श्रीवास्तव शामिल हैं। विशिष्ट अतिथियों में पेशे से फैशन स्टाइलिस्ट शैली बिंद्रा, उद्यमी अनिमेष रंजन, डॉ. सद्दाम हुसैन, डॉ. अमीनूर इस्लाम, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. सौरभ, डॉ. अविनाश, डॉ. अमित पांडे और श्री विवेक शामिल थे। फिनाले सितंबर महीने में दिल्ली में होगा। भाग लेने के इच्छुक प्रतियोगी स्टाइल क्वीन के इंस्टाग्राम पेज @style_qn पर जा सकते हैं या आयोजक से 7042677193 पर संपर्क कर सकते हैं।






# नौ अंकों के नंबर से कॉल आए तो सतर्क हो जाएं ऐसी कहानी सुनाकर खातों से उड़ा देंगे रकम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 25 जुलाई : अगर आपके मोबाइल में नौ अंकों के नंबर से कोई कॉल आता है, तो सावधान हो जाएं। साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका ईजाद किया है। पहले वे कोरियर कंपनी के कर्मचारी बनकर आपके नाम से कोई पार्सल होने की बात कहेंगे और फिर पार्सल में मादक पदार्थ होने की बात कहकर आपके खाते से जुड़ी जानकारियां लेकर खातों में रुपये जमा कराएंगे।

साइबर थाना पुलिस ने लोगों से अनजान लोगों को आधार कार्ड, पैन कार्ड और खाते संबंधी जानकारियां साझा नहीं करने की अपील की है। इन दिनों साइबर ठग नौ अंकों के नंबर से लोगों को कॉल कर रहे हैं। वे खुद को कोरिअर कंपनी का कर्मचारी बताते हुए चीन या किसी अन्य देश से पार्सल आने की बात कहते हैं।

जब व्यक्ति की ओर से इंकार किया जाता है तो ठग पार्सल में मोबाइल नंबर लिखे होने और पार्सल में मादक पदार्थ होने की बात कहकर डराने की कोशिश करता है। इसके बाद ठग दूसरे नंबर से कस्टम या नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बनकर कॉल करता है। व्यक्ति के पार्सल को लेकर अनभिज्ञता जताने पर ठग सबूत के रूप में बैंक स्टेटमेंट और आईडी मांगता है। इसके बाद कुछ ट्रांजेक्शन संदिग्ध बताते हुए अपने खाते में रुपये डलवा देता है। साइबर थाना कुमाऊं प्रभारी ललित मोहन जोशी कहते हैं कि नौ अंक के नंबर से कोई कॉल आए तो सत्यापन जरूर कर लें। उनके पास ऐसी लिखित शिकायत नहीं आई है, मगर ठग यह तरीका भी अपना रहे हैं। अनजान कॉलर से खाता संबंधी कोई भी जानकारी साझा न करें। ऐसे मामले में तत्काल साइबर थाना पुलिस या स्थानीय पुलिस से संपर्क जरूर कर लें।



साभार गूगल

# किसानों को स्पेशल पैकेज के ज़रिए सहायता की जाएगी : गणेश जोशी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 25 जुलाई। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है और भारी बारिश से किसान को हुए नुकसान की भरपाई करना सरकार की जिम्मेदारी है। मंत्री ने कृषि सचिव तथा कृषि महानिदेशक को 27 जुलाई को प्रभावित क्षेत्र में कैंप करने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने निदेशालय स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए गढ़वाल मंडल में उत्तरकाशी के पुरोला तथा कुमाऊं मंडल के नैनीताल के प्रभावित क्षेत्र में राजस्व की टीम के साथ सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने निदेशालय स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से जनपद वार प्रत्येक दिन की आपदा के नुकसान का आंकलन किया जाए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आपदा के मानकों के पुनरीक्षण करने पर विचार करते हुए भू-राजस्व, सिंचाई, विद्युत बिल को माफ करना एवं राज्य स्तर पर टॉपअप आदि के माध्यम से किसानों को स्पेशल पैकेज के ज़रिए सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा हरिद्वार जनपद के आपदा प्रभावित में कुछ जगह पर यह देखा गया कि सिडकुल और शुगर मिल का केमिकल से कृषि को बहुत ज्यादा क्षति हुई है। इस संबंध में मंत्री ने डीएम हरिद्वार को पॉल्यूशन विभाग से जांच कराने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा किसानों को फलसों के बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, फसल बीमा का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिए।

बैठक में अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि अब तक प्रदेश में सेब की पेटियों की मांग 5.10 लाख आई हैं, इसके सापेक्ष विभाग द्वारा अबतक 2.20 लाख की आपूर्ति की जा चुकी है। इस अवसर पर कृषि सचिव दीपेंद्र चौधरी, कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय



### समान नागरिक संहिता अभी नहीं

प्रधानमंत्री मोदी के आक्रामक आह्वान के साथ समान नागरिक संहिता का प्रचार एक बार फिर शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री ने सवाल किया था कि घर में दो कानून संभव नहीं हैं, तो देश दोहरी व्यवस्था कैसे ढो सकता है? तुरंत विश्लेषण किए गए कि यह 2024 के आम चुनाव का बुनियादी मुद्दा होगा और केंद्र सरकार इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का गंभीर प्रयास करेगी। फिलहाल यह मुद्दा नेपथ्य में डाल दिया गया है। संसद के जरिए सूचना मिली है कि यदि विधि आयोग की संपूर्ण रपट भी आ जाए और कुछ भाजपा-शासित राज्यों में भी लागू कर दी जाए, उसके बावजूद समान नागरिक संहिता का बिल मानसून सत्र में पेश नहीं किया जाएगा। अभी भारत सरकार, राज्यों के साथ, इस मुद्दे पर व्यापक विमर्श करना और आम सहमति बनाना चाहती है। यानी आईने की तरह साफ है कि मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल में समान नागरिक संहिता का कानून नहीं बनेगा। दरअसल यह मुद्दा सात दशक पुराना है, जब डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'राष्ट्रीय जनसंघ' की स्थापना की थी। उससे पहले अप्रैल, 1948 में तत्कालीन केंद्रीय कानून मंत्री डा. भीमराव अंबेडकर ने 'हिंदू कोड बिल' का मसविदा संविधान सभा के सामने रखा था और कानूनों को संहिताबद्ध करने का विचार दिया था। उसका खूब विरोध किया गया और डा. अंबेडकर को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। 'जनसंघ' राजनीतिक दलीलें देता रहा कि समान नागरिक संहिता देश भर में लागू की जाए। अप्रैल, 1980 में भाजपा के गठन के बाद, प्रधानमंत्री राजीव गांधी की कांग्रेस सरकार के दौरान, जब शाहबानो के विवादित केस में संसद में बिल पारित कराया गया और सर्वोच्च अदालत का फैसला निरस्त कर दिया गया, तो भाजपा ने व्यापक स्तर पर समान नागरिक संहिता का प्रचार किया। अंततः 1989 में इस मुद्दे को पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किया गया और यह सिलसिला 2019 के लोकसभा चुनाव तक बदस्तूर जारी रहा। सवाल है कि प्रधानमंत्री के आक्रामक आह्वान के बावजूद यह मुद्दा फिलहाल ठंडे बस्ते में क्यों डाल दिया गया? उत्तराखंड, हिमाचल, उप्र, मध्यप्रदेश, असम आदि भाजपा-शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता पर विशेष समितियां गठित की गईं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## खतरनाक ट्रांसफार्मर, बिजली के उपकरणों को सुरक्षित बनाए यूपीसीएल

देहरादून। भाजपा पार्षदों व कार्यकर्ताओं ने यूपीसीएल से शहर में राहगीरों व जानवरों के लिए जानलेवा बने ट्रांसफार्मर, बिजली उपकरणों, बिजली की तारों को व्यवस्थित करने की मांग की है। ईसी रोड में अधिशासी अभियंता केन्द्रीय विद्युत वितरण खण्ड गौरव सकलानी को सौंपे ज्ञापन में पार्षदों ने आरोप लगाया कि यूपीसीएल अधिकारी चमोली जैसी घटना से भी सबक नहीं सीखना चाहते हैं। पार्षदों ने लापरवाही के कुछ उदाहरण भी ईई के सामने रखे।

सालावाला पार्षद भूपेन्द्र कठैत ने बताया कि कुछ समय पूर्व ईसी रोड पर एक खंबे से एक जानवर को करंट लगा लेकिन सूचना देने के तीन घंटे बाद तक मौके पर कोई काम नहीं किया गया। दिलाराम बाजार से राजभवन जाने वाले मार्ग में स्ट्रीट लाइट बंद होने व तारे लटकने की शिकायत एसडीओ को कई दफे की लेकिन अधिकारी काम के नाम पर बहाने बनाते रहते हैं। राजपुर रोड से सालावाला जाने वाली सडक़ पर एक खंबा दो माह से गिरने की कगार पर है, खंबे से चिंगारियां निकलती है।

स्कूली बच्चों आम लोगों की जान को खतरा है। इसी तरह की कुछ अन्य समस्याएं राजपुर रोड, ईसी रोड, पलटन बाजार आदि क्षेत्रों में भी है। लेकिन सम्बंधित अधिकारी इन समस्याओं को अनदेखा करते रहते हैं। पार्षदों ने समवेत स्वर में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

मौके पर भाजा के महानगर महामंत्री सुरेन्द्र राणा, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, मण्डल महामंत्री आशुतोष थापा, अंकित जोशी, मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा विनय गुप्ता, अम्मू थापा, चुन्नीलाल, विनय कोहली, कमल थापा, मंजीत रावत, मनीष गेरा, रविन्द्र शर्मा, पंकज कन्नौजिया, संजीव अरोड़ा, मन्ना रावत आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बस अड्डे पर मिला व्यक्ति का शव

ऋषिकेश। संयुक्त यात्रा बस अड्डे पर एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान के लिए पूछताछ की, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। शव का पंचनामा भर पुलिस ने शिनाख्त होने तक उसे एम्स की मोर्चरी में रखवा दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक सोमवार को सूचना मिली कि बस अड्डे पर एक पेड़ के पास व्यक्ति का शव पड़ा है। तत्काल पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। व्यक्ति के कपड़ों की तलाश में पहचान संबंधी कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। कोतवाल खुशी राम पांडे ने बताया कि व्यक्ति की उम्र करीब 55 वर्ष है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### स्वर्गाश्रम के दुकानदारों को सुप्रीम कोर्ट से राहत की उम्मीद

ऋषिकेश। हाईकोर्ट में स्वर्गाश्रम के 40 दुकानदारों की याचिका खारिज होने से उन पर फिर से संकट खड़ा हो गया है। दुकानदारों ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्हें शीर्ष अदालत से राहत मिलने की उम्मीद है। दरअसल, उच्च न्यायालय ने पौड़ी डीएम के आदेश को बरकरार रखते हुए स्वर्गाश्रम में दुकान चलाने वाले 40 दुकानदारों की याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई में डीएम के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं माना है। व्यापारी डॉ. नारायण सिंह रावत के मुताबिक साल 1998 में पौड़ी के तत्कालीन एसडीएम शैलेंद्र कृष्ण ने इस भूमि की जांच कर इसे राजस्व भूमि घोषित कर दिया था, इस पर स्थानीय व्यापारी विरोध में हाईकोर्ट चले गए थे। डॉ. रावत ने बताया कि मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण ली गई है। उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट से राहत जरूर मिलेगी।

### चमोली हादसे के एक घायल की स्थिति गंभीर

ऋषिकेश। चमोली हादसे के दो घायलों का अभी एम्स के ट्रामा वार्ड में इलाज चल रहा है। इनमें से एक की स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है। 19 जुलाई को चमोली में हुए हादसे के 11 घायलों को उपचार हेतु एम्स अस्पताल में भर्ती किया गया था। दो दिन तक आवश्यक उपचार करने के बाद घायलों की स्थिति में सुधार होने पर बीती शुक्रवार को इनमें से 9 लोगों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार ट्रामा आईसीयू में भर्ती संदीप पुत्र सुलोचन राम की हालत में कुछ सुधार हुआ है। डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि संदीप को अब वेंटिलेटर से हटा दिया गया है। हांलाकि अभी उन्हें फेस मास्क सपोर्ट पर रखा गया है। शुक्रवार को उन्हें ऑरली लिक्विड डाइट भी दी गयी और वह बातचीत करने की स्थिति में हैं। उधर ट्रामा के रेड जोन में भर्ती घायल सुशील पुत्र सुदामा की हालत में अभी ज्यादा सुधार नहीं हो पाया है। वह अब पूर्ण तौर से सेन्स में हैं, लेकिन उन्हें किडनी की समस्या से दिक्कतें अभी भी बनी हुई हैं।

### अनूसूचित जाति के युवाओं को प्रशिक्षण दिया

विकासनगर। युवा कल्याण विभाग उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सोमवार को प्रायोजित अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रेड-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं सेल्फ इम्प्लाइड टेलर का शुभारम्भ हरबर्टपुर में ब्लॉक प्रमुख जसविन्दर सिंह ने दीप जलाकर किया। जिसमें डाटा एंट्री आपरेटर के 35 सेल्फ इम्प्लाइड के 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान संतोष रावत, सौरभ गुप्ता, राहुल शर्मा, अखिल गोयल, संजीय गोयल आदि मौजूद रहे।

### गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वासः गोपालमणि

विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ में सोमवार को गोकथा वाचक गोपाल मणि ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को भारतीय संस्कृति और गोमाता की महिमा से परिचित कराया। गो कथा वाचक ने कहा कि गोमाता का संरक्षण भारत को जग का सिरमौर बनाने के लिए जरूरी है। गोरक्षा पर सभी को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। गोमाता को राष्ट्र माता का दर्जा मिले इसके लिए सभी संकल्पित हों। उन्होंने गोमाता के मनुष्य जीवन में महत्व से भी अवगत कराया। कहा कि देवी देवताओं को किसी इंसान ने नहीं देखा, लेकिन असल में सभी देवी देवता गोमाता में ही निहित हैं। गोमाता में ही 33 करोड़ देवी देवता विद्यमान में हैं, इसलिए सनातन संस्कृति में गाय को पूजनीय और माता का दर्जा दिया गया है। भगवान कृष्ण ने भी गोसेवा में अपना जीवन बिताया और गोपाल के नाम से जग में प्रसिद्ध हुए। कहा कि केवल शास्त्र और उपनिषद बल्कि विज्ञान ने भी गाय के चमत्कार को माना है। इसके मल और मूत्र में वह औषधिय गुण हैं जो कई व्याधियों को दूर करने में सहायक सिद्ध हुए हैं। गाय का दूध कुपोषण को दूर करने में लाभदायी है। गो मूत्रपान करने से जीवन रोग मुक्त हो सकता है। कथा के दौरान भक्तिगीत भी गाए गए, जिसका जमकर लुत्फ उठाया गया। कार्यक्रम का संचालन विकास नागर ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, धन सिंह सजवाण, पंकज बिष्ट, संकल्प, संजीव, रेखा सिंह, सुनीता भट्ट, विमलेश त्यागी आदि मौजूद रहे।

### साढ़े तीन घंटे तक बिजली की अघोषित कटौती से लोगों में आक्रोश

विकासनगर। झाझरा पावर हाउस में मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद रविवार को ही सेलाकुई क्षेत्र में पावर हाउस से विद्युत सप्लाई शुरू की गई थी। इसके बावजूद ऊर्जा निगम ने सेलाकुई नगर क्षेत्र व उसके आसपास की बस्तियों में करीब साढ़े तीन घंटे तक बिजली की अघोषित कटौती की। जिसके चलते उमस भरी गर्मी के मौसम में लोग बिजली पानी की लिए तरसते रहे। झाझरा पावर हाउस में बीते दिनों आग लगने के कारण चार दिन तक सेलाकुई क्षेत्र में पावर हाउस से सप्लाई न होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था से बिजली आपूर्ति की गई। लेकिन बिजली घर की मरम्मत होने के बाद रविवार से सेलाकुई क्षेत्र में पिटकुल के झाझरा स्थित बिजली घर से नियमित सप्लाई शुरू कर दी गई। इसके बावजूद ऊर्जा निगम सेलाकुई ने सेलाकुई व उसके आसपास के क्षेत्र जमनपुर, हरिपुर, निगम रोड, बहादरपुर, बायांखाला, प्रगति विहान, बंगाली बस्ती, थापा गली, राजावाला, अटकफार्म, तेलपुर आदि क्षेत्रों में ऊर्जा निगम ने डेढ़ बजे से बिजली आपूर्ति ठप कर दी। जिसके बाद पांच बजे तक क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही। बिजली की आपूर्ति न होने के कारण क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई के पानी की आपूर्ति भी ठप रही। जिसके चलते उमस भरी गर्मी के मौसम में लोग हवा पानी के लिए तरसते रहे। घरों के पंखे, कूलर, एयर कंडीश्नर बंद होने से जहां लोगों को हवा नहीं मिली। वहीं पानी की आपूर्ति बंद रहने से लोगों को पीने के लिए पानी तक नहीं मिला। लोग भरी दोपहरी में उमस भरी गर्मी के मौसम में बिजली पानी की मार झेलते रहे। जिससे लोगों में ऊर्जा निगम के प्रति आक्रोश बना हुआ है। उधर ऊर्जा निगम के एसडीओ सेलाकुई विनीत कुमार का कहना है कि मशीनों पर ओवर लोड पडऩे व मरम्मत कार्यों के चलते कुछ समय के लिए बिजली की कटौती की गई। बताया कि पांच बजे पूरे क्षेत्र में आपूर्ति सुचारू कर दी गयी।

# मुख्यमंत्री धामी के सचिव विनय शंकर पांडेय का धुंआधार दौरा, तत्काल एक्शन, तुरंत कार्यवाही

**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरकाशी,24 जुलाई। सचिव मुख्यमंत्री तथा आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पाण्डेय और सचिव आपदा प्रबंधन रंजीत सिन्हा ने पुरोला तहसील के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण कर आपदा प्रभावितों से मुलाकात की। आपदा प्रभावितों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाते हुए सचिव मुख्यमंत्री और मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने अधिकारियों को आपदा राहत के कार्यों को तत्परता व समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि आपदा पीड़ितों को समय पर राहत पहुंचाना और प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बहाल करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।









आपदा के कामों में लापरवाही और गड़बड़ी पाये जाने पर सबंधित के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

आपदा सचिव सचिव आपदा प्रबंधन रंजीत सिन्हा व आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय व हवाई सर्वेक्षण कर अधिकारियों को पुनर्निर्माण कार्यों में त्वरित राहत कार्य करने व कार्यों में गुणवत्ता बनाये रखने को लेकर कड़े निर्देश दिए। सोमवार को पुरोला आपदा प्रभावित क्षेत्रों के सर्वेक्षण पर आए गढ़वाल आयुक्त तथा सचिव आपदा प्रबंधन ने कुमोला रोड, छाड़ा खड्ड सहित कोर्ट रोड, कमल नदी, मालगड़ के समीपवर्ती क्षेत्रों का स्थलीय सर्वेक्षण कर भूस्खलन एवं मलवा आने के कारण सड़कों, मकानों और दुकानों तथा अन्य परिसंपत्तियों को हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण कर खतरे की जद में आये भवनों को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक उपाय किए जाने सहित भूस्खलन व बाढ से सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने रामा सिराईं व कमल सिराईं के रतेडी, करड़ा, ढकाड़ा, कूफारा, मठ, गुंदियाटगांव आदि क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों, नहरों सहित अन्यपरिसंपत्तियों और कृषि भूमि, बागवानी व फसलों को हुए नुकसान का मुआयना किया।

आपदा सचिव एवं आयुक्त ने अधिकारियों के साथ तीन दिन से जारी पूर्ननिर्माण कार्यों की विभाग बार प्रगति की समीक्षा के साथ ही राजस्व विभाग से आपदा से कृषि भूमि के कटाव व मलवे से तबाह धान फसलों के नुक्सान का ब्यौरा तलब किया तथा पीड़ित परिवारों, किसानों को अबतक बांटी गई आर्थिक राहत सहायता के बारे में जानकारी ली। लोनिवि, सिंचाई व जल संस्थान व विद्युत विभाग सहित सम्बंधित अधिकारियों को बंद रास्तों को खोलने, सिंचाई नहरों, पेयजल लाइनों व विद्युत लाइन को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए।

आपदा प्रबंधन सचिव व आयुक्त ने असुरक्षित घरों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने, खेती को हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण कर आपदा के तय मानकों के तहत अविलंब राहत वितरित करनें के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण कार्यों एवं राहत के लिए बजट की कमी नहीं होने दी जाएगी। पुरोला में आपदा से पहले की स्थिति बहाल करने के लिए तेजी से काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जटिल प्रकृति के कार्यों के लिए समाधान तलाशने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों की टीम बनाई जाय और भूस्खलन की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों का विशेषज्ञ संगठनों से भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण कराकर उनका उपचार करने की योजना बनाई जाएगी। इस मौके पर उन्होंने विकास खण्ड सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर सभी प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी की आपूर्ति सुचारू करने और अवरुद्ध सड़कों को खोले जाने का काम प्राथमिकता से सम्पादित करने तथा प्रभावितों को यथाशीघ्र अनुमन्यतानुसार अधिकतम सहायता उपलब्ध कराने की अपेक्षा की। उन्होने अधिकारियों से आपदा से हुए नुकसान तथा राहत कार्यों की प्रगति की जानकारी लेने के साथ ही क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों एवं आपदा प्रभावितों से बातचीत कर उनकी समस्याओं व मांगों को सुना। उन्हांने कहा कि प्रभावितों की समस्याओं के त्वरित समाधान और उन्हें फौरी तौर पर आएवश्यक राहत मुहैया कराने पर सरकार प्रमुखता से ध्यान दे रही है। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की बहाली, क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों की मरम्मत व पुनर्निर्माण भी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। आपदा राहत कार्यों के लिए आवश्यक स्वीकृतियां बिना किसी देरी के जारी की जाएंगीं और प्रभावितों के कष्टों को जल्द दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।



इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश लाल, जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, ब्लॉक प्रमुख रीता पंवार, नगर पंचायत अध्यक्ष पुरोला हरिमोहन नेगी,एसडीएम पुरोला देवानंद शर्मा,एसडीएम बड़कोट जितेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।